# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## वर्ग नवम् परीक्षा, 2019 से संबंधित आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या - 39/2019**

एतद् द्वारा कक्षा नवम् परीक्षा, 2019 से संबंधित सभी छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रधानों को सूचित किया जाता है कि परिषद् द्वारा कक्षा 09 की परीक्षा के लिए एक विशेष परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा में वैसे ही छात्र सम्मिलित हो सकेंगे, जो नवम् वर्ग की वार्षिक परीक्षा, 2019 के परीक्षाफल में Marginal status प्राप्त किए हों या उस परीक्षा में अनुपस्थित रहे हों।

विशेष परीक्षा के लिए आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन भरे जायेंगे। परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाईन जमा करने के लिए परिषद् द्वारा विद्यालय को पूर्व में उपलब्ध कराये गये User ID एवं Password का ही उपयोग किया जाएगा। परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने का कार्यक्रम निम्नवत् हैं–

| परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाईन जमा करने की तिथि | ऑनलाईन चालान जेनरेट करने की अन्तिम तिथि | चालान के माध्यम से शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 24.05.2019 से 04.06.2019 तक | 04.06.2019 तक | 06.06.2019 तक |

*** परीक्षा शुल्क की राशिः- ₹80/- (अस्सी रूपये) मात्र प्रति छात्र/छात्रा**

ध्यातव्य हो कि इस विशेष परीक्षा में वे ही छात्र/छात्रा सम्मिलित होंगे, जिन छात्र/छात्राओं का नवम् वर्ग की वार्षिक परीक्षा, 2019 में प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था और उनका परीक्षाफल Marginal हो या वे परीक्षा में अनुपस्थित रहे हैं।

नवम् वर्ग की विशेष परीक्षा, 2019 निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी। सभी विद्यालय प्रधान से अनुरोध है कि वे प्रवेश पत्र दिनांक 15.06.2019 से परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in से डाउनलोड कर संबंधित छात्र/छात्राओं को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

### नवम् कक्षा की विशेष परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम

| Date & Days | 1st Sitting 9.45 A.M. to 1.00 P.M. | 2nd Sitting 2.00 P.M. to 5.15 P.M. |
|---|---|---|
| 21.06.2019 (Friday) | ------------------- | Paper-I (Hindi A, Hindi B एवं English) |
| 22.06.2019 (Saturday) | Paper-II (Mathematics एवं Science) | Paper-III (Social Science एवं Additional subject) |

प्रश्न पत्र, ओ.एम.आर. सीट एवं उपस्थिति पत्रक दिनांक 18.06.2019 से 19.06.2019 तक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दी जाएगी। दिनांक 19.06.2019 से 20.06.2019 तक संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक निर्धारित विषयों के परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र, ओ.एम.आर. सीट एवं उपस्थिति पत्रक उचित पहचान पत्र के आधार पर संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्धारित ब्रजगृह केन्द्र से प्राप्त करेंगे। परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया जाता है कि प्रत्येक दिन जिस पाली में जिस विषय की परीक्षा होगी उस विषय के प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. सीट उक्त केन्द्र से प्राप्त कर परीक्षार्थियों को वितरित करेंगे। शेष विषयों के प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. सीट को सुरक्षित रखने का सम्पूर्ण दायित्व जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय का होगा।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं का उपस्थिति पत्रक एवं ओ.एम.आर. सीट परीक्षा समाप्ति के उपरान्त केन्द्रवार सीलबन्द मुहर के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः– सभी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र का अध्ययन करने हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./- (महीप कुमार सिंह)**
**सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/गो./1623/19/SECY/282/19
Dt. 23.05.2019
D.O.P: 24.05.2019